UNIVERSITY NEWS ON 01 FEBRUARY 2026

AMAR UJALA

लविवि के छात्रों को इंटर्नशिप का मौका

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को नैनो होम्योपैथी इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड वेलफेयर (एनएचआईआरडब्ल्यू) महानगर में इंटर्नशिप का अवसर मिलेगा। इसके लिए मास कम्युनिकेशन के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों और अन्य स्नातक विद्यार्थियों से विवि की प्लेसमेंट सेल की ओर से आवेदन मांगे गए हैं। नियमानुसार वजीफा प्रदान किया जाएगा। तीन फरवरी को इस लिंक पर जाकर https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSfCe4GtoBvaPiTZILBK06mJ7yjYge8KsTeNxFTaxcOIlYEKoA/viewform?usp=publish-editor आवेदन कर सकते हैं। (संवाद)

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों के लिए कैंप शुरू

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय 64 यूपी बटालियन एनसीसी की ओर से 30 जनवरी से 8 फरवरी के बीच जीसीआरजी बख्शी का तालाब में डेडिकेटेड कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप उन एनसीसी कैडेट्स के लिए है, जिन्होंने रिपब्लिक डे कैंप (आरडीसी) 2026 में हिस्सा लिया था। इस डेडिकेटेड कैंप का उद्देश्य आरडीसी में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को सम्मानित करना, विजेता ग्रुप को फ्लैग प्रदान करना और अन्य कैडेट्स को प्रशिक्षण देना है। यह कैंप कैडेट्स के अनुशासन और समर्पण को सम्मान देने की अहम पहल है। रिपब्लिक डे कैंप को एनसीसी का सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर का कैंप माना जाता है। इसमें कैडेट्स का चयन कड़ी प्रक्रिया के बाद ड्रिल और सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रदर्शन के आधार पर किया जाता है। (माई सिटी रिपोर्टर)

AAJ

एलयू में एसआईआर पर हुयी कार्यशाला

सामाजिक विषयों से जुड़े मुद्दों पर हुयी चर्चा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय एलयू के लोक प्रशासन विभाग में एसआईआर मुद्दे एवं चुनौतियाँ विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अटल सुशासन पीठ द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में एसआईआर से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा हुई। कार्यशाला का शुभारंभ पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। लोक प्रशासन विभाग के विभागाध्यक्ष और अटल सुशासन पीठ के संयोजक प्रो. नंद लाल भारती ने कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत की। उन्होंने पीठ की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह सुशासन से जुड़े समसामयिक विषयों पर संवाद और विमर्श के लिए मंच प्रदान करती है। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, लखनऊ के पूर्व कुलपति प्रो. बलराज चौहान रहे। उन्होंने एसआईआर की संवैधानिक, वैधानिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से चर्चा की। प्रो. चौहान ने एसआईआर प्रक्रिया में तार्किक विसंगतियों, सूची से नाम गायब होने और तकनीकी प्रशिक्षण के सही उपयोग न हो पाने को बड़ी चुनौती बताया। विशिष्ट वक्ता के रूप में राजनीति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय गुप्ता उपस्थित रहे।

TIMES OF INDIA

LU dispensary to remain open 7am to 9pm

TIMES NEWS NETWORK

Lucknow: The Arogya Bhavan dispensary on both campuses of Lucknow University will now remain open from 7am to 9pm, extending healthcare services for students, teachers and university employees to 14 hours daily. Earlier, they used to function between 10am and 5pm.

The decision was taken after vice chancellor Prof JP Saini found doctors and staff absent during an inspection.

Currently, two doctors and two staff members are posted at the facility. Prof Saini said dispensary should also remain open on holidays to ensure uninterrupted medical services. To avoid any shortage of medicines, he instructed the administration to complete annual procurement through the GeM portal. Expressing concern over unclean surroundings, Saini sought explanations from the absent doctors and staff and issued show-cause notices.

DAINIK JAGRAN

खेल महोत्सव में दिखे रोमांचक मुकाबले

खेल महोत्सव में रस्साकशी में जोर आजमाइश करते खिलाड़ी • सौ. लवि

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता "आगाज" के तीसरे दिन शनिवार को विभिन्न रोमांचक मुकाबलों का आयोजन किया गया।

क्रिकेट प्रतियोगिता में सिटी ला कॉलेज की टीम सिटी और लायर्स स्पोर्ट्स, दीन दयाल उपाध्याय पर्वतन संस्थान की हिट एंड रन, आइएमएस की मार्क इलेवन वारियर्स, आईईटी लखनऊ, लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की ला टाइटंस, सहित नई टीमों ने मैदान पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल महोत्सव "आगाज" के संयोजक प्रो. दीपक गुप्ता ने बताया कि शानदार खेल दिखाने वाली टीमें अब आगामी दो फरवरी को आयोजित होने वाले सेमीफाइनल मुकाबलों में अपनी जगह पक्की कर एक-दूसरे से लोहा लेंगी। वहीं, फुटबाल के मैदान पर भी गति और तालमेल का बेहतरीन संगम देखने को मिला, जहां सीएसआइआर, इंटीग्रल एकेडमी की 'ए' और 'बी' टीमें, चैलेंजर्स चैलेंजर्स ने अपने आक्रामक खेल से दर्शकों को रोमांचित कर दिया।

HINDUSTAN

विद्यार्थियों के पास इंटर्नशिप का मौका

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के केंद्रीय प्लेसमेंट सेल और नैनो होम्योपैथी इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड वेलफेयर की ओर से मास कम्युनिकेशन के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों और नव स्नातकों के लिए 45 दिवसीय इंटर्नशिप का मौका दिया गया है। चयनित अभ्यर्थियों को संस्थान के नियमानुसार वजीफा प्रदान किया जाएगा। पात्र छात्र तीन फरवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

बीबीए समेत छह पाठ्यक्रमों का रिजल्ट जारी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2025-26 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक व परास्नातक स्तर के बीबीए, बीबीए एनईपी आईबी, बीबीए एनईपी एमएस पंचम सेमेस्टर और एमए एआईएच ग्रुप ए, एमपीएस व एमएससी रिन्यूबल एनर्जी के तृतीय सेमेस्टर का परिणाम जारी कर दिया गया है।